# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान
(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)
बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग
बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

पत्रांक: BRLPS/LSBA/ESH/30/17/158 दिनांक: 29/05/2018

प्रेषक,

**राजीव कुमार सिंह बि०प्र० से०**
प्रशासी पदाधिकारी-सह- राज्य समन्वयक।

सेवा में,

**उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति
शिवहर, पश्चिम चम्पारण, बक्सर,नवादा।

**विषय: जिलों में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों में आवश्यक प्रगति हेतु राज्य स्तरीय टीम द्वारा क्षेत्रभ्रमण किये जाने के संबंध में।**

महाशय,

राज्य सरकार द्वारा 31 मार्च 2019 तक सम्पूर्ण राज्य को खुले में शौच से मुक्त करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है। बिहार सरकार के सात निश्चय में शौचालय निर्माण घर का सम्मान एक महत्वपूर्ण निश्चय है जिसकी सफलता का राज्य के विकास की दिशा में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

वर्त्तमान में इस अभियान को सफल बनाने की दिशा में जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर सामुहिक प्रयास किये जा रहे हैं तथा इसके आशाजनक परिणाम भी आये हैं।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में निदेशानुसार सूचित करना है कि दिनांक 31.05.2018 से 02.06.2018 तक उल्लेखित जिलों में राज्य स्तरीय टीम द्वारा क्षेत्रभ्रमण कर आवश्यक प्रगति हेतु कार्य किया जाना है।

भ्रमण के दौरान निम्नांकित बिन्दुओं पर विशेष बल दिया जायेगा:-

1. खुले में शौच मुक्त ग्रामों का भौतिक सत्यापन
2. IMIS पर डाटा अपलोड की जानकारी एवं सुझाव
3. आई०ई०सी० गतिविधियों की जानकारी एवं प्रभाव का आकलन
4. लाभार्थी भुगतान एवं जिओ टैंगिग की अद्यतन स्थिति की जानकारी
5. जिले में CLTS और राजमिस्त्रियों के प्रशिक्षण की अद्यतन स्थिति
6. सभी प्रखण्ड समन्वयक जिला सलाहकार, जिला समन्वयक एवं ZSBP के साथ समीक्षात्मक बैठक।

उक्त भ्रमण हेतु जिलावार टीम इस प्रकार है:-

| क्रम संख्या | जिला का नाम | क्षेत्रभ्रमण की तिथि | नामित पदाधिकारियों का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | शिवहर | 31.05.2018 | तरूण रंजन/आनंद कुमार /मयंक कुमार मून |
| 2. | पश्चिम चम्पारण | 01.06.2018 एवं 02.06.2018 | तरूण रंजन/आनंद कुमार /मयंक कुमार मून |
| 3. | बक्सर | 01.06.2018 एवं 02.06.2018 | मनीष कुमार/रंधीर कुमार/मिनल चौहान |
| 4. | नवादा | 01.06.2018 एवं 02.06.2018 | डॉ० झिनुक रॉय /प्रभात कुमार रंजन /सना सलाह |

अत: अनुरोध है कि संबंधित जिला के जिला ग्रामीण विकास अभिकरण निदेशक/जिला समन्वयक एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति के अन्य सभी सलाहकार (SLWM/CB&IEC/MLE and MIS) अपने स्तर टीम को भ्रमण के दौरान आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे, साथ ही सभी राज्य स्तरीय नामित पदाधिकारियों के आवासन एवं भोजन हेतु आवश्यक व्यवस्था करने की कृपा करेंगे।

विश्वासभाजन

29/5/18

(राजीव कुमार सिंह)

ज्ञापांक : BRLPS/LSBA/ESTT/30/17/158 दिनांक: 29/05/2018

**प्रतिलिपि :** जिला समन्वयक/ जिला सलाहकार (CB&IEC/MLE and MIS/SLWM) जिला जल एवं स्वच्छता समिति शिवहर, पश्चिम चम्पारण, बक्सर,नवादा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि:** निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण- सह- सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति शिवहर, पश्चिम चम्पारण, बक्सर,नवादा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि:** जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता शिवहर, पश्चिम चम्पारण, बक्सर,नवादा को सूचनार्थ प्रेषित।

29/5/18

(राजीव कुमार सिंह)